आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.09.2026 **समय : 1905**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एकता नगर में प्रदान किए बहत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, प्रख्यात अभिनेता अनंत नाग को मिला दादासाहेब फाल्के सम्मान।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के नागोया में आयोजित एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी है।
- राजधानी श्री विजयपुरम के आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र में हिंदी पखवाड़ा दो हजार छब्बीस का भव्य शुभारंभ, हिन्दी को सरकारी कामकाज में बढ़ावा देने पर बल दिया गया।
- अंडमान लॉ कॉलेज में रामकृष्ण मिशन के सहयोग से आयोजित हुआ युवा सम्मेलन, स्वामी विवेकानंद के विचारों से युवाओं को मिली सफलता की प्रेरणा।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुजरात के एकता नगर में बहत्तरवें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं की सराहना की। इस अवसर पर कन्नड़ फिल्मों के प्रख्यात अभिनेता अन्नत नाग को प्रतिष्ठित दादासाहेब फालके से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मलयालम अभिनेता ममूटी को फिल्म ब्रह्मयुगम के लिए दिया गया, इसी के साथ संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार कार्तिक आर्यन को फिल्म चंदू चैम्पियन के लिए दिया गया, वहीं सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार आर्टिकल थ्री सेवेंटी के लिए यामी गौतम को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सूचना तथा प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली में नौवें भारत अंतर्राष्ट्रीय जल सप्ताह–2026 का उद्घाटन किया। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि जल सप्ताह जल प्रबंधन की चुनौतियों पर सभी संबंधित पक्षों के बीच विचार–विमर्श का महत्वपूर्ण मंच है। जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा कि सरकार देश के हर नागरिक को सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष जल सप्ताह का विषय है– जलवायु अनुकूल जल प्रबंधन।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के नागोया में आयोजित एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी है। इसे भारतीय क्रिकेट के लिए एक शानदार उप्लब्धि बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस जीत के साथ भारत को खेलों के इस संस्करण का पहला स्वर्ण पदक मिला है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह आत्मविश्वास, कौशल और शानदार टीम वर्क से भरपूर एक प्रभावशाली प्रदर्शन था। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीम ने देश को गौरवान्वित किया है। यह जीत देश भर के युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करेगी। एशियाई खेलों में टी–20 प्रारूप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंकाई टीम को एक सौ सैंतालीस रनों से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

<><><><><><><>

आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम में हिंदी पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ हुआ। सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित पखवाड़े के उद्घाटन समारोह में पद्मश्री से सम्मानित एवं फिल्म निर्देशक नरेश चंद्र लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उप सचिव राजेंद्र इंद्वार विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता आकाशवाणी एवं दूरदर्शन केंद्र के क्लस्टर प्रमुख एवं कार्यालयाध्यक्ष सी. सुब्बा राव, उप महानिदेशक (इंजीनियरिंग) ने की। मुख्य अतिथि नरेश चंद्र लाल ने आकाशवाणी के साथ अपने पुराने संबंधों को याद करते हुए हिंदी के प्रचार–प्रसार में योगदान के लिए सभी को प्रेरित किया। वहीं, विशिष्ट अतिथि राजेंद्र इंदवार ने कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के दैनिक उपयोग को बढ़ाने तथा राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वरचित हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। दूरदर्शन केंद्र की सहायक निदेशक (कार्यक्रम) एवं कार्यक्रम प्रमुख सुश्री सनम ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। आकाशवाणी और दूरदर्शन केंद्र के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न विषयों पर अपनी मौलिक हिंदी रचनाएं प्रस्तुत कीं। हिंदी पखवाड़ा 2026 के उद्घाटन समारोह तथा इससे संबंधित कार्यक्रमों के सफल आयोजन और समन्वय में सहायक निदेशक (राजभाषा) एवं आहरण एवं संवितरण अधिकारी, श्री दीपक चंद्र तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन और राजभाषा संबंधी गतिविधियों के समन्वय में सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में श्री

दीपक चंद्र तिवारी ने सभी अतिथियों, निर्णायक, कर्मचारियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। हिंदी पखवाड़े के दौरान आगे भी विभिन्न हिंदी संबंधी कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने आकाशवाणी से कहा...

<><><><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने श्री विजयपुरम के रामकृष्ण मिशन के सहयोग से कॉलेज के सभागार में एक युवा सम्मेलन का आयोजन किया, जिसका मुख्य विषय जागो, उठो और तब तक मत रुको जब तक मंजिल प्राप्त न हो जाए रखा गया था। रामकृष्ण मिशन के सचिव और प्रमुख स्वामी ओंकारत्मानंद ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं को जीवन की कठिनाइयों से पार पाकर सफलता हासिल करने की निरंतर प्रेरणा देते हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर पीवीएन शर्मा ने भी विद्यार्थियों को विवेकानंद के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

<><><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय मायाबंदर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने कॉलेज के सम्मेलन कक्ष में विद्यार्थियों के लिए एक डिजिटल धोखाधड़ी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल लेनदेन, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आर वी आर मूर्ति ने अपने संबोधन में डिजिटल मंचों का उपयोग करते समय सतर्क और जिम्मेदार रहने की बात कही। भारतीय स्टेट बैंक के वित्तीय साक्षरता केंद्र की केंद्र प्रबंधक तृप्ति सरकार ने संसाधन व्यक्ति के रूप में शिरकत करते हुए साइबर सुरक्षा और धोखाधड़ी से बचने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

<><><><><><><><>